**FORM - III**

**फर्द अहकाम**

(नियम 26)

**अज अदालत उपखण्ड अधिकारी {राजस्व}, श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर**

गुरमन्दर सिंह **बनाम** राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार श्रीकरणपुर

अन्तर्गत धारा 88 आरटीए, 136 एलआरएक्ट प्रकरण संख्या 362 सन् 2025

जी.सी.एम.एस. नम्बर 2025/515

| तामिल हुकम | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 21.11.2025 | प्रार्थी गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह जाति जटसिख निवासी श्रीनगर तहसील श्रीकरणपुर के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में तहसीलदार श्रीकरणपुर के पंत्राक 3105 दिनांक 17.11.2025 से रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण राजस्थान काश्तकारी अधिनियम-1955 की धारा 88, भू-राजस्व अधिनियम-1956 की धारा 136 में दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी को सुना गया व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र व रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर का अध्ययन किया। प्रार्थी की बहस को सुनते हुए संगत विधिक प्रावधानों का अध्ययन किया। पत्रावली तथा इसके साथ प्रस्तुत दस्तावेजात यथा राजस्व ग्राम 40 जीजी, पटवार हल्का 48 जीजी श्रीनगर, भू.अ.नि. क्षेत्र खरलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 32/31 की प्रति, राजस्व ग्राम 40 जीजी, पटवार हल्का 48 जीजी श्रीनगर, भू.अ.नि. क्षेत्र खरलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 113/106 की प्रति के अवलोकन से स्पष्ट है, कि प्रार्थी के द्वारा राजस्व ग्राम 40 जीजी, पटवार हल्का 48 जीजी श्रीनगर, भू.अ.नि. क्षेत्र खरलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 32/31 में रहन 0.247 हैक्टेयर भूमि के स्थान पर रहन 1.9935 हैक्टेयर भूमि, राजस्व ग्राम 40 जीजी, पटवार हल्का 48 जीजी श्रीनगर, भू.अ.नि. क्षेत्र खरलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 113/106 में रहन 0.158 हैक्टेयर भूमि के स्थान पर रहन 0.474 हैक्टेयर दर्ज करवाने बाबत निवेदन किया गया है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात 6(1) में 40 जीजी के खाता संख्या 32 की 1.993 हैक्टेयर भूमि व 40 जीजी के खाता संख्या 113 की 0.474 हैक्टेयर भूमि दर्ज है। रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर के मुताबिक गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह के नाम चक 40 जीजी के खाता संख्या 32 में 1.9935 हैक्टेयर नहरी मय बारानी व खाता संख्या 113 में 0.474 हैक्टेयर बारानी भूमि दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। प्रार्थी द्वारा उक्त पूर्ण रकबे पर पंजाब नेशनल बैंक मानकसर के पक्ष में रहल लिया था। रहननामा नामातंरण संख्या 1379 दर्ज करते समय सहवन से खाता संख्या 32 में 0.247 हैक्टेयर व खाता संख्या 113 में 0.158 हैक्टेयर रकबे पर ही रहन दर्ज हुआ है। प्रार्थी के खाता संख्या 32 व खाता संख्या 113 में पूर्ण रकबे पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर के पक्ष में रहन दर्ज किया जाना उचित है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर, प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के अनुसार भली-भांति साबित होने पर स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 40 जीजी, पटवार हल्का 48 जीजी श्रीनगर, भू.अ.नि. क्षेत्र खरलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 32/31 में गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह रहन हिस्सा 1/5 पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर के स्थान पर गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह रहन पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर 1.9935 हैक्टेयर भूमि, राजस्व ग्राम 40 जीजी, पटवार हल्का 48 जीजी श्रीनगर, भू.अ.नि. क्षेत्र खरलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 113/106 में गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह रहन हिस्सा 1/3 पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर के स्थान पर गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह रहन पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर 0.474 हैक्टेयर भूमि दर्ज किए जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खातों के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे। पर्चा डिक्री इस आशय का जारी हो। पर्चा डिक्री की एक प्रति तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ प्रेषित हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/ लेख भण्डार जमा हो। | 867 |

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

अधिकारी (राजस्व)

# <u>अंतिम डिक्री बमुकदमे इब्तदाई</u>

**{ऑर्डर 20, रूल 6-7, जाब्ता दीवानी}**
**(Civil Procedure Code, Appendix "D-1")**

**अज अदालत सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी {राजस्व} मुकाम श्रीकरणपुर**

**ब इजलास श्री श्योराम** (आर.ए.एस.)

गुरमन्दर सिंह  बनाम राजस्थान सरकार

वादपत्र धारा अन्तर्गत 88 आरटीए, 136 एलआरएक्ट

**प्रकरण संख्याः-362/2025**

**निर्णय दिनांक :- 21.11.2025**

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर व हाजरी **वादी स्वंय** पेश होने पर आदेश दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि प्रार्थना पत्र प्रार्थी रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर, प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के अनुसार भली-भांति साबित होने पर स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 40 जीजी, पटवार हल्का 48 जीजी श्रीनगर, भू.अ.नि. क्षेत्र खरलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 32/31 में गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह रहन हिस्सा 1/5 पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर के स्थान पर गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह रहन पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर 1.9935 हैक्टेयर भूमि, राजस्व ग्राम 40 जीजी, पटवार हल्का 48 जीजी श्रीनगर, भू.अ.नि. क्षेत्र खरलां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 113/106 में गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह रहन हिस्सा 1/3 पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर के स्थान पर गुरमन्दर सिंह पुत्र गुरजन्ट सिंह रहन पंजाब नेशनल बैंक शाखा मानकसर 0.474 हैक्टेयर भूमि दर्ज किए जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खातों के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे।

आज दिनांक 21.11.2025 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

**{श्योराम** (आर.ए.एस)**}**
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

| मुददई | रूपया | पैसा | मुदायली | रूपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अरजीदावा | 02 | 00 | स्टाम्प वकालतनामा | 00 | 00 |
| स्टाम्प वकालतनामा | 00 | 00 | स्टाम्प अरजी | 00 | -- |
| स्टाम्प ड्यूटी | 00 | 00 | मेहनताना वकील पर | 00 | -- |
| **योग** | 02 | **00** | **योग** | **00** | **00** |

**{श्योराम** (आर.ए.एस)**}**
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर
दिनांक 21.11.2025

क्रमांकः रीडर/ 2025/867
प्रतिलिपिः तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ भेजकर लेख है कि उक्त डिक्री की नियमानुसार पालना कर, पालना रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में भिजवाना सुनिश्चित करे।

**{श्योराम** (आर.ए.एस)**}**
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर